**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 11 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पिपली मंडल से राज्यस्तरीय तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस तिरंगा यात्रा में सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित हजारों नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाईन, नए बस अड्डे, द्रोणाचार्य स्टेडियम से होती हुई थानेसर मंडल के लघु सचिवालय में बने शहीदी स्मारक पर सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और शहीदों के परिजनों को शाल ओढाकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शहीदी स्मारक पर कदम का पौधा भी लगाया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, वीर सैनिकों के शौर्य, माताओं की तपस्या, किसानों के परिश्रम और हमारे युवाओं के सपनों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा एक जन-अभियान व राष्ट्र उत्सव बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में शुरू हुए इस अभियान ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ प्रत्येक नागरिक के संबंध को अधिक आत्मीय बनाया है। उन्होंने कहा कि देश में जब अमृत महोत्सव मनाने की शुरुआत हुई तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी दिवस से पहले 14 अगस्त को देश के विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को भी स्वतंत्रता दिवस से पहले याद करने की अपील की थी तब से विभाजन विभीषिका दिवस पर उन लोगों की याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा

है। उन्होंने बताया कि इस बार विभाजन विभीषिका दिवस पर गुरुग्राम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा और जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कर बंटवारे का दंश झेलने वालों को याद किया जाएगा।

***********************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा की अगुवाई में कल शाम हिसार जिले के  बरवाला में  तिरंगा यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण धर्मशाला से शुरू हुई यह यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पर संपन्न हुई।तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि देश की आन-बान और शान  तिरंगा प्रत्येक भारतीय के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना है।  उन्होंने लोगो से  हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया ।

***********************************************************************सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने कल हरियाणा लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम  कुमार घोष से भेंट की। बैठक के दौरान नागरिक-सैन्य तालमेल तथा क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर  सेना और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में आंतरिक सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण, अग्निवीरों के लिए रोजगार के अवसर, पूर्व सैनिकों के कल्याण, आवासीय परियोजनाओं, आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों तथा ऑपरेशनल तैयारी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने, उनके प्रभाव को कम करने के लिए तैयारी तथा राहत एवं बचाव उपायों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान हरियाणा से जुड़े भारतीय सेना के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री  अनिल विज की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग की विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कल हुई बैठक के बाद बिजलीं संघों की संयुक्त कार्य समिति  ने अपनी प्रस्तावित हड़ताल वापिस ले ली है। यह हड़ताल 11 से 13 अगस्त तक प्रस्तावित थी। संयुक्त कार्य समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी तीन प्रमुख मांगों ''एग्री डिस्कॉम के गठन, समानांतर निजी बिजली कंपनी को लाइसेंस दिए जाने तथा स्मार्ट मीटर लगाने''-को लेकर ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद उन्होंने प्रस्तावित हड़ताल वापिस लेने का निर्णय लिया है।

************************************************************************

आज शिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। कैथल में शिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे शिवभक्तों ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा पाठ किया। शहर के मुख्य श्री ग्यारह रूद्री सहित, नीलकंठ महादेव मंदिर, श्री

अंबकेश्वर मंदिर, हनुमान वाटिका स्थित शिव मंदिर और अन्य जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

***************************************************************************